# कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना, 2020

यूरो-बाह्य क्षेत्र FCPE





17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2020 तक

# हां, मैं भी लूंगा/लुंगी!





L'ORÉAL

WWW.INVEST.LOREAL.COM

# विषय सूची


3 जां-पाल आगन का संदेश

4 सारांश में ल’ऑरियल

6 ल’ऑरियल कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना को समझना

9 शेयर-स्वामित्व योजना में भाग लेना

10 सब्स्क्रिप्शन की शर्तें

11 ऑफर की समय-सारणी



**JEAN-PAUL AGON**

जां-पाल आगन

प्रिय सहकर्मियों,


2018 में हमनें अपने इतिहास में पहली बार, आपको विशेषाधिकृत शर्तों पर ग्रुप के शेयर खरीद कर ल'ऑरियल[1] के शेयरधारक बनने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था।

कर्मचारी शेयर-स्वामित्व की इस योजना ने अत्यधिक सब्स्क्रिप्शन किया था जिसमें 52 देशों से लगभग 20,000 लोगों ने इस गतिविधि में सब्स्क्राईब किया था, जो ग्रुप के भविष्य में आपका विश्वास दर्शाता है व जिसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं।

इस वर्ष, एक नई कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना के माध्यम से हम आपको एक बार पुन: ल'ऑरियल की सफलता और समृद्धि में सहभागी बनने का प्रस्ताव प्रस्तुत कर रहे हैं। यदि आप चाहें तो आप इस नए तरीके से कंपनी के विकास के साथ जुड़ने और इसकी युक्तिपूर्ण योजना में भाग ले सकते हैं। हम 'सबके लिए सौन्दर्य' के एक निराले व स्पष्ट ध्येय के इर्दगिर्द जुड़ें हैं। लगातार विकसित होने वाले सौन्दर्य के बाज़ार में हम अपने मूल सिद्धांतों, अपने विश्व में सर्वत्र उपस्थित दलों की सृजनात्मकता और उत्कृष्टता के आधार पर भविष्य में अपनी सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक स्थायी परिवर्तन करने की क्षमता इत्यादि से युक्त अपने अत्यंत मज़बूत गुणों पर विश्वास कर सकते हैं।

अत: यह नई योजना आपको ऑरियल के भविष्य के साथ सीधा जोड़ने की हमारी इच्छा की पुन: पुष्टि करती है। चूंकि सम्पूर्ण विश्व में ल'ऑरियल को अधिक डिजिटल, उत्तरदायी, स्थायी और कुशल बनाने हेतु की जाने वाली कायापलट में आप प्रति दिन इसमें सहयोग कर रहे हैं।
मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह प्रस्ताव एक बार पुन: आप सबको अत्यन्त सफलता प्रदान करेगा।

आपकी प्रतिबद्धता और विश्वास के लिये मैं आपका धन्यवाद करता हूं।





[1] "ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना - 2020 रिले" FCPE के माध्यम से

# सारांश में
# ल'ऑरियल

## ल'ऑरियल, सौन्दर्यता का विश्वव्यापी लीडर


सौ वर्षों से अधिक समय से सौन्दर्य के अभियान में ल'ऑरियल पूरी तरह से समर्पित है। इस अभियान में हम विश्व लीडर हैं। सौन्दर्यता ग्रुप के अस्तित्व का आधार है। यह हर किसी को आत्मविश्वास प्राप्ति और दूसरों के समक्ष स्वयं को प्रस्तुत करने में सहायता व व्यक्तिगत और सामूहिक कल्याण के लिये योगदान देती है।


वितरण के सभी क्षेत्रो में विद्यमान व विश्व में 88,000 सहकर्मियों के सहयोग से, 2019 में ल'ऑरियल ने 29.87 अरब यूरो का व्यापार किया है।


## 2019 के व्यापार के आंकड़ें

- विश्वव्यापी प्रसाधन सामग्री में प्रथम ग्रुप
- 150 देशों में उपस्थित
- 29.87 लाख यूरो का व्यवसाय
- 88,000 सहकर्मी
- 985 मि. यूरो का वार्षिक शोध और अनुसंधान बजट
- 36 अतिरिक्त ब्रांड

## 2019 के व्यवसायिक आंकड़ों का विश्लेषण (प्रतिशतता में)




### प्रति विभाग

- 42.7% उपभोक्ता उत्पाद
- 36.9% ल'ऑरियल लक्स
- 11.5% व्यावसायिक उत्पाद
- 8.9% प्रभावकारी प्रसाधन सामग्री

### प्रति भौगोलिक क्षेत्र

- 27.7% पश्चिमी यूरोप
- 25.3% उत्तर अमेरिका
- 47% नये बाज़ार

जिनमें निम्न सम्मिलित हैं :

32.3% एशिया, प्रशान्त
6.4% पूर्वी यूरोप
6.0% लेटीन अमेरिका
2.3% अफ्रीका, मध्यपूर्व


### प्रति व्यवसाय

- 35.0% त्वचा (और सूर्य-संबंधी) की देखभाल
- 26.3% मेक-अप
- 14.9% बालों की देखभाल
- 10.1% रंगाई
- 9.3% खुशबू
- 4.4% अन्य[2]

[2] "अन्य" में साफ-सफाई के उत्पाद और अमेरिका के व्यावसायिक वितरकों द्वारा ग्रुप-बाह्य अन्य ब्राण्डों के साथ किये गए व्यवसाय के आंकड़े सम्मिलित हैं।

# कर्मचारी शेयर-स्वा मि त्व योजना

## 2009 और 2019 के बीच ल'ऑरियल के € में शेयर मूल्य में वृद्धि (31/12/2019)




Growth: Thomson Reuters Datastream

## 2009 और 2019 के बीच प्रति शेयर लाभांश की राशि में वृद्धि




लाभांश ग्रुप के कुल लाभ का वह अंश होता है जिसका निर्धारण आम सभा में होता है और जो शेयर धारकों में बांटा जाता है।

## लाख यूरो में 2009 से 2019 तक व्यापार-मात्रा में विकास

| | |
|---|---|
| 2019 | 29,873 |
| 2018 | 26,937 |
| 2017 | 26,024 |
| 2016 | 25,837 |
| 2015 | 25,257 |
| 2014 | 22,532 |
| 2013 | 22,124 |
| 2012 | 21,638 |
| 2011 | 20,343 |
| 2010 | 19,496 |
| 2009 | 17,473 |

चेतावनी : पिछले प्रदर्शन आगामी प्रदर्शनों की भविष्यवाणी नहीं करते हैं।
समय-समय पर ल'ऑरियल जानकारीयों के दस्तावेज़, विशेषत: वित्तीय, अपनी इंटरनेट साइट (www.loreal-finance.com) पर प्रकाशित करती है। इन दस्तावेज़ो, जिनमें अन्य जानकारीयों के अतिरिक्त कंपनी की गतिविधि, कार्यनीति और उद्देश्य, कंपनी की गतिविधि से संबन्धित अंतर्निहित जोख़िमों के कारण व उसके वित्तीय परिणामों, को पढ़ने व जानकारी लेने के लिये आपका स्वागत है।

# कर्मचारी शेयर-स्वामित्व
## योजना को समझना

### अंतर्राष्ट्रीय कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना के तहत FCPE के माध्यम से ल'ऑरियल के शेयरों में निवेश

इस ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना की संरचना के तहत कंपनी शेयर-स्वामित्व सामूहिक फंड (FCPE) के "ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना - 2020 रिले" के माध्यम से आपको विशेषाधिकृत शर्तों पर ल'ऑरियल के शेयर प्राप्त करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जा रहा है। इस रिले फ़ंड का उद्देश्य योजना की समाप्ती पर कर्मचारियों द्वारा सब्स्क्रिप्शन प्राप्त करके "ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना" FCPE में पूंजी वृद्धि करना है।[3] इन दों फंडों में बढ़ोतरी के पश्चात, आपको "ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना" FCPE के यूनिट प्राप्त होंगे।

ल'ऑरियल के शेयरों में निवेश के इच्छुक कर्मचारियों के लिये आरक्षित शेयरों में सामूहिक निवेश करने हेतु "ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना" FCPE संगठन की रचना की गई है। प्रत्येक कर्मचारी अपने निवेश के अनुपात से FCPE के यूनिटों की संख्या प्राप्त करेगा।

कर्मचारियों और ल'ऑरियल के प्रतिनिधियों[4] से संगठित एक पर्यवेक्षी बोर्ड इस FCPE के प्रबंधन की समीक्षा के लिये उत्तरदायी होगा।

**लाभ 1**

**20% की छूट**

इस योजना की संरचना के तहत कर्मचारी को सब्स्क्रिप्शन मूल्य में 20% छूट का लाभ प्राप्त होगा। इसे छूट कहते है।

ल'ऑरियल के एक शेयर का सब्स्क्रिप्शन मूल्य संदर्भ मूल्य से 20% कम मूल्य पर 14 सितम्बर को निर्धारित किया जायेगा। संदर्भ मूल्य शेयर बाज़ार में 17 अगस्त से 11 सितम्बर 2020 के बीच बाज़ार में ल'ऑरियल शेयर के औसत प्रारम्भिक मूल्य के बराबर होगा और इसका निर्धारण 14 सितम्बर 2020, को किया जायेगा।

**लाभ 2**

**अभिदान के रूप में 4 शेयर प्राप्त किये जा सकते है।**

आपके सब्स्क्रिप्शन को ल'ऑरियल 4 अतिरिक्त शेयरों तक सब्स्क्राईब करके पूरा करेगा। इसे अभिदान कहते है।

अभिदान के रूप में प्रदत्त शेयर आपको ब्लोकिंग अवधि के अंत में दिये जायेगे, अर्थात 3 नवम्बर, 2025 के लगभग। ये नि:शुल्क शेयर आपको इस शर्त पर दिये जायेंगे कि आप इस तिथि को ल'ऑरियल ग्रुप के कर्मचारी होंगे ("स्थानीय परिशिष्ट" में दिये गए अपवादों को छोड़ कर)।

अपने निवेश की गणना करने हेत

www.invest.loreal.com

पर ऑनलाइन दिये सिमुलेटर का प्रयोग करें।

[3] रिले फ़ंड प्रबंधक मण्डल की अनुमति और वित्तीय व्यापार प्राधिकरण (AMF) के सम्मति के पश्चात "ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना" FCPE में पूंजी वृद्धि करेगा। "ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना" FCPE ल'ऑरियल के शेयरों में निवेश करेगा। परिणाम स्वरूप, हम परामर्श देते है सब्स्क्राईब करने वाला प्रत्येक कर्मचारी अपनी बचत में विविधता लाने की आवश्यकता का आंकलन करें। "ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना" FCPE के निवेशकों के लिये मुख्य जानकारीयों के दस्तावेज़ ("DICI") का संज्ञान लेना अत्यन्त आवश्यक है।

[4] FCPE के नियमन देखें।

# कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना

## अभिदान के नियम

| यदि आप 2020 में खरीदते* हैं : | + | आप 2025 में ल'ऑरियल के अभिदान** के रूप में प्राप्त करेंगे : | = | 2025 में आपके निवेश का टोटल : |
|---|---|---|---|---|
| **1** शेयर | | **1** शेयर | | **2** शेयर |
| **2** शेयर | | **1** शेयर | | **3** शेयर |
| **3** शेयर | | **2** शेयर | | **5** शेयर |
| **4** शेयर | | **2** शेयर | | **6** शेयर |
| **5** शेयर | | **2** शेयर | | **7** शेयर |
| **6** शेयर | | **2** शेयर | | **8** शेयर |
| **7** शेयर | | **3** शेयर | | **10** शेयर |
| **8** शेयर | | **3** शेयर | | **11** शेयर |
| **9** शेयर | | **3** शेयर | | **12** शेयर |
| **10** शेयर | | **4** शेयर | | **14** शेयर |

आपके द्वारा खरीदे जा सकने वाले शेयरों की संख्या (ओवर-सब्स्क्रिप्शन के मामले के अतिरिक्त) 50 शेयर तक सीमित है।

2020 में आप **3 शेयर** खरीदते हैं

+

तो 2025 में अभिदान के रूप में आपको ल'ऑरियल से **2 शेयर मिलेंगे**[5]

=

जिससे 2025 में आपका निवेश कुल **5 शेयर** के बराबर हो जायेगा।

इस उदाहरण में, ल'ऑरियल शेयर का संदर्भ मूल्य €250 होने पर एक शेयर का प्राप्ति मूल्य €250 - 20% छूट = €200 होगा, अर्थात, ल'ऑरियल के 3 शेयरों के लिये €600 का भुगतान।
यदि नवम्बर 2025 में ल'ऑरियल शेयर का मूल्य पुन: €250 होता है, तो 2025 में आपके निवेश का मूल्य €250 हो जायेगा।

2020 में आपका भुगतान
**3 X €200 = €600**

+

2025 में आपको ल'ऑरियल का ऑफर
**2 X €250 = €500**

=

2025 में निवेश का कुल मूल्य
**(3+2) X €250 = €1,250**

## ल'ऑरियल के शेयर मूल्य में वृद्धि के अनुसार ही आपके निवेश में भी वृद्धि होगी।

### इस उदाहरण के अनुसार 3 शेयर खरीदने पर :

| 2020 में आपका भुगतान | | यदि बाज़ार में नवम्बर 2025 में ल'ऑरियल के शेयर का मूल्य | 2025[6] में कुल निवेश का मूल्य |
|---|---|---|---|
| | ↘ | €212.50 के संदर्भ मूल्य की तुलना में 15% कम हो जायेगा। | **€1,062.50** |
| **€600** | = | €250 के संदर्भ मूल्य के बराबर होगा | **€1,250** |
| | ↗ | €287.50 के संदर्भ मूल्य की तुलना में 15% अधिक हो जायेगा। | **€1,437.50** |

* FCPE के माध्यम से
** ल'ऑरियल का अधिकतम अभिदान 4 शेयरों का होगा। 10 से अधिक शेयर सब्स्क्राईब करने के स्थिति में अभिदान की सीमा 4 शेयर तक रहेगी।
[5] उपस्थिती की शर्त के अंतर्गत
[6] लाभांश और टैक्स के अतिरिक्त

### आपके मताधिकार आपके शेयरों पर आधारित हैं।

आपके शेयरों पर आधारित आपके मताधिकारों का निर्धारण आपके खाते के लिये “ल’ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना” FCPE के पर्यवेक्षी बोर्ड द्वारा आम सभा में किया जायेगा।

### संभावित लाभांशों का लाभ

ल’ऑरियल द्वारा भुगतान किये गए संभावित लाभांशों का FCPE में स्वत[7]: ही निवेश कर दिया जायेगा; इस प्रकार आपके यूनिटों के मूल्य में वृद्धि होगी। FCPE के माध्यम से इन शेयरों को 2 वर्षों तक नामांकित रखने के पश्चात लाभांश में 10% की वृद्धि होगी।

### आपके सब्स्क्रिप्शन हेतु वित्तीयन की सुविधायें

आपके स्थानीय परिशिष्ट में भुगतान के तौर-तरीके की जानकारी दी गई हैं, जिसे आप **www.invest.loreal.com** से डाउनलोड कर सकते है।



## आपके सब्स्क्रिप्शन हेतु वित्तीयन की सुविधायें

### वित्तीय लाभ

खाता रखने हेतु खर्चों का दायित्व ल’ऑरियल[8] का रहेगा।

[7] लाभांश अर्जित नहीं किये जाते, परन्तु यह ग्रुप के लाभ पर आधारित होते हैं। यह आम सभा में निर्धारित किये जाते हैं।
[8] ग्रुप छोड़ कर जाने वाले सहकर्मीयों के खातों के रखरखाव हेतु खर्चों का उत्तरदायित्व सहकर्मियों का होगा।

# दीर्घकालीन निवेश के
## समतुल्य कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना में भाग ल

### ल'ऑरियल के शेयरों में निवेश एक निजी निर्णय है।

इस योजना में निवेश करने के निर्णय लेने से पूर्व, हम आपको ल'ऑरियल ग्रुप की पिछली वार्षिक और अर्धवार्षिक रिपोर्टों को पढ़ने के लिये आमंत्रित करते हैं। ग्रुप से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारीयां, इसकी कार्यनीति, प्रदर्शन और वित्तीय स्थिति की जानकारीयां इन दस्तावेज़ों में दी गई हैं।
इस पुस्तिका में दी गई जानकारीयां आपकी सूचना हेतु दी गई है और यह ल'ऑरियल की ओर से किसी प्रकार की वित्तीय परामर्श अथवा निवेश की सलाह नहीं हैं। इस कार्यक्रम में भाग लेने का आपका निर्णय स्वतंत्र और पूरी तरह से निजी है।

### आपका निवेश शेयर मूल्य में वृद्धि पर आधारित है

आपका निवेश ल'ऑरियल शेयर के मूल्य में उतार-चड़ाव का अनुसरण करेगा। इस प्रकार इसमें पूंजी ह्रास होने का जोख़िम रहता है।

परिणाम स्वरूप, शेयर के मूल्य के आधार पर, बाहर निकलने पर आपके शेयरों का मूल्य आपके व्यक्तिगत योगदान से कम हो सकता है।

चूंकि "ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना" फ़ंड का ल'ऑरियल के शेयरों में निवेश होता है, हमारा आपको परामर्श है कि आप जोखिमों को बांटने हेतु अपनी बचत में विविधता के आंकलन करें।



### आपका निवेश 5 वर्षों के लिये ब्लॉक रहेगा

आपका निवेश नवम्बर 2025 तक ब्लॉक रहेगा (अनुमत अपेक्षित अनब्लोकिंग के मामलों को छोड़ कर। इनका विवरण "स्थानीय परिशिष्ट" दस्तावेज़ में दिया गया है।)

आपको अभिदान के रूप में ऑफर किये गए शेयरों का भुगतान 3 नवम्बर 2025 के लगभग, ब्लोकिंग अवधि के समाप्त होने पर इस शर्त पर किया जायेगा कि आप उस तिथि को ल'ऑरियल ग्रुप के कर्मचारी बने रहेंगे ("स्थानीय परिशिष्ट" में वर्णित अपवादों को छोड़ कर)।

**ब्लोकिंग के 5 वर्षों के अंत**

- में आप अपने "ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना" के शेयरों को कंपनी शेयर-स्वामित्व सामूहिक फंड (FCPE) में जब तक चाहें रख सकते हैं,
- अथवा अपने शेयरों की कुल अथवा आंशिक धन-वापसी की मांग कर सकते हैं।ल अथवा आं लशक धन-वापसी की ्ांग कर सकते हैं।

### नोट करें

चूंकि पैरिस शेयर बाज़ार में ल'ऑरियल शेयर का भाव यूरो में बोला जाता है, आपके शेयरधारण की अवधि के दौरान यूरो और विदेशी मुद्रा में उतार-चड़ाव के कारण आपके निवेश की राशि परिवर्तित हो सकती है। इस प्रकार यदि आपकी मुद्रा की तुलना में यूरो का मूल्य बढ़ता है तो शेयरों का आपकी मुद्रा में दिखाया गया मूल्य बढ़ जायेगा। दूसरी ओर यदि आपकी मुद्रा की तुलना में यूरो का मूल्य घटता है तो शेयरों का आपकी मुद्रा में दिखाया गया मूल्य कम हो जायेगा।

# सब्स्क्रिप्शन की शर्तें

### कौन सब्स्क्राईब कर सकता है?

वे सब कर्मचारी जिनकी ल'ऑरियल ग्रुप की किसी कंपनी में 24 महीने का स्वीकृत कार्यकाल हो और 2 अक्टूबर 2020 को अंतर्राष्ट्रीय कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना में सब्स्क्राईब कर रहे हों व सब्स्क्रिप्शन अवधि के अंतिम दिन अर्थात् 2 अक्टूबर 2020 को उपस्थित हों।

### ओवर-सब्स्क्रिप्शन की स्थिति में क्या होगा?

यदि अनुरोधित शेयरों की कुल संख्या कर्मचारी शेयर-स्वामित्व योजना के तहत (अभिदान सहित) प्रस्तावित शेयरों की संख्या से अधिक है, तो अधिक संख्या में की गई सब्स्क्रिप्शन मांगो की योजना में समर्पित शेयर-सीमा तक कैपिंग की जायेगी।

**यह कार्यवाही फ़ाइनल आवंटन और शेयरों के भुगतान से पहले की जायेगी।**

आपके लिये अपने निवेश की गणना करने के लिए

www.invest.loreal.com

साइट पर एक सिमुलेटर उपलब्ध है।

### निवेश कैसे करें?

सब्स्क्राईब करने के लिये आपको केवल कुछ क्लिक करने होंगे :

1
WWW.INVEST.LOREAL.COM
पर कनैक्ट करें।

2
"सब्स्क्राईब" बटन
पर क्लिक करें।

3
अपने उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड,
जो आपको ईमेल अथवा आपके घर डाक से भेजा गया है,
से स्वयं की पहचान करवायें।

4
सब्स्क्रिप्शन स्क्रीन भरें।

5
अपने सब्स्क्रिप्शन का सत्यापन करना
न भूलें।

प्रति कर्मचारी को केवल एक सब्स्क्रिप्शन
ऑर्डर की ही अनुमति है।

### कितना क्निेश करें?

- कम से कम : एक ल'ऑरियल शेयर
- अधिकतम : आपके 2020[9] के कुल वार्षिक वेतन का 25% से 50 शेयर की सीमा तक। ओवर सब्स्क्रिप्शन की स्थिति में यह राशि कम हो सकती है।

**सब्स्क्रिप्शन अवधि की समाप्ती पर, आपके द्वारा किया गया सब्स्क्रिप्शन का चयन अंतिम होगा व बदला नहीं जा सकेगा।**



[9] इसमें वर्ष के दौरान नियत व परिवर्तनीय वेतन और प्राप्त अथवा प्राप्य, सब प्रकार के बोनस सम्मिलित है।

# ऑफ़र की समय-सारणी

## 14 सितम्बर 2020

### सब्स्क्रिप्शन मूल्य और विनिमय दर का निर्धारण

**यह आपको www.invest.loreal.com, साइट पर, ईमेल और प्रदर्शन करके सूचित किये जायेंगे।**

इन्हें ईमेल द्वारा प्राप्त करने के लिये अभी से उल्लिखित "Alertes e-mail" के मॉड्यूल में www.invest.loreal.com पर स्वयं को पंजीकृत करवायें।

## (23.59 बजे - UTC+1) 17-2

## 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2020 तक

### सब्स्क्रिप्शन अवधि

**इस अवधि में, आप अपना सब्स्क्रिप्शन www.invest.loreal.com साइट पर "सब्स्क्राईब" पर क्लिक करके कर सकते हैं।**

## 3 नवम्बर 2020

### पूंजी में बढ़ोतरी और शेयरों की सुपुर्दीगी

**कार्यवाही की समाप्ती के पश्चात के सप्ताहों में, आपको आपके सब्स्क्रिप्शन का प्रमाण प्राप्त होगा।**

## 4 नवम्बर 2025

### शेयरों की उपलब्धता की तिथि (5 वर्ष की रोक अवधि के पश्चात)

**इस तिथि को आप निम्न में से किसी विकल्प का चयन कर कर सकते हैं :**

- अपने शेयरों के बदले धन-वापसी की मांग,
- "ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना" FCPE में चालू रखना रखना।



"US नागरिक" चेतावनी : सब्स्क्रिप्शन हेतु योजना में प्रस्तावित FCPE अमेरिका के नागरिकों के लिये नहीं खुला है। अधिक जानकारी हेतु, कृप्या " ल'ऑरियल कर्मचारी शेयर योजना" FCPE में निवेश हेतु नियम और महत्वपूर्ण जानकारियों के दस्तावेज़ का संज्ञान लें।

BRO_FCPE_HZE_IND_HI20 - फोटो क्रेडिट: Shutterstock - GettyImages

L'ORÉAL

WWW.INVEST.LOREAL.COM